झुरानदी में बिना पूर्व सूचना पहुंचे मुख्यमंत्री... पृष्ठ 2 | विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मोतीपुर... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 17 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 207, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# मुख्यमंत्री पहुंचे सीतागांव समाधान शिविर 132 केवी सब स्टेशन सहित कई घोषणाए



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में जल्द ही विकास का नया सूरज निकलेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित रहा है जिसके कारण यहां विकास के पहिए थम गए थे। हमारी यह चिंता है कि यहां नक्सलवाद समाप्त हो और विकास के काम तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलियों के विरूद्ध मोर्चा ले रहे हैं। हमारा संकल्प है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करना है। मुख्यमंत्री श्री साय आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में आयोजित समाधान शिविर को संबाधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन तिहार में सरकार आपके द्वार पहुंच रही है और आपकी समस्याओं का समाधान भी कर रही है। सच्ची नियत से जो सरकार काम करती है वही जनता के बीच जाकर अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करती है। उन्होंने इस मौके पर सीतागांव उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नत करने, मोहला में बस स्टैंड और छात्रावास का निर्माण और सीतागांव हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन तथा अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में 132 केवी सब स्टेशन की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना का लाभ सभी पात्र बहनों को दिया जा रहा है, और जिनके नाम नहीं जुड़े हैं उन्हें शीघ्र जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान हम निरंतर जनता के बीच पहुंचकर योजनाओं का फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना पूर्व सूचना के किसी भी क्षेत्र में पहुंचकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रही है। यह सरकार पारदर्शिता और जनभागीदारी की



भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बनने के बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से नक्सल प्रभावितों के लिए पीएम जनमन के तहत् 32 हजार आवास स्वीकृत किए गए। जिनमें बड़ी संख्या में आवास पूर्ण हो चुके हैं हितग्राहियों का गृह प्रवेश भी हो रहा है। नक्सल हिंसा से पीड़ित तथा आत्मसर्पित नक्सलियों के लिए 15 हजार विशेष मकानों की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपने वादे के अनुरूप 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की है। जमीन रजिस्ट्री के साथ अब नामांतरण की प्रक्रिया भी स्वतः पूर्ण होगी। हक त्याग अब सिर्फ 500 रुपए में हो जाता है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिसे आगामी एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया रायपुर में स्थापित आदिवासी संग्रहालय जनजातीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर को उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भी संबोधित किया।

# सिंधु जल संधि पर विचार करें पाकिस्तान ने की रहम की गुजारिश

## भारत ने भी दिया जवाब



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तब तक स्थगित रहेगा जब तक वह सीमापार आतंकवाद को समर्थन-संरक्षण देना पूरी तरह समाप्त नहीं कर देता। पाकिस्तान को न केवल इसे समाप्त करना होगा, बल्कि उसके प्रयास भरोसेमंद भी होने चाहिए। प्रयास इतने प्रभावी होने चाहिए कि इस समर्थन-संरक्षण की फिर गुंजाइश न रहे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने 24 अप्रैल को सिंधु जल संधि अपनी ओर से स्थगित करने के अपने कदम की जानकारी कैबिनेट सचिव को दी है। कैबिनेट सचिव को मंत्रालय की ओर से भेजी गई मासिक रिपोर्ट में सचिव देवश्री मुखर्जी ने लिखा है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को बर्बर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के बाद सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में 1960 में की गई थी। भारत के कड़े रुख के बाद पाकिस्तान ने पहली बार इस संधि पर नए सिरे से बातचीत की इच्छा जताई है, लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत के रुख में कोई परिवर्तन नहीं आने वाला। इस बीच, भारत ने संधि की प्रतिबद्धताओं से हट जाने के बाद सिंधु जल संधि के दायरे में आने वाली सभी छह नदियों पर अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर अपना काम शुरू करना दिया है।

## नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में निकलेगा विकास का नया सूरज : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में जल्द ही विकास का नया सूरज निकलेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित रहा है जिसके कारण यहां विकास के पहिए थम गए थे। हमारी यह चिंता है कि यहां नक्सलवाद समाप्त हो और विकास के काम तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलियों के विरूद्ध मोर्चा ले रहे हैं। हमारा संकल्प है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करना है। मुख्यमंत्री श्री साय आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में आयोजित समाधान शिविर को संबाधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन तिहार में सरकार आपके द्वार पहुंच रही है और आपकी समस्याओं का समाधान भी कर रही है। सच्ची नियत से जो सरकार काम करती है वही जनता के बीच जाकर अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करती है। उन्होंने इस मौके पर सीतागांव उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नत करने, मोहला में बस स्टैंड और छात्रावास का निर्माण और सीतागांव हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन तथा अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में 132 केवी सब स्टेशन की घोषणा की।

# मुख्यमंत्री श्री साय ने किया शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का लोकार्पण

## 9 करोड़ की लागत से बना शासकीय मुद्रणालय का नया भवन



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के चिखली में 9 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यहां शासकीय विभागों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों का प्रकाशन होता है। श्री साय ने शासकीय मुद्रणालय में विभिन्न दस्तावेजों के प्रकाशन का भी अवलोकन किया।राजनांदगांव स्थित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय भवन छत्तीसगढ़ में एक मात्र शासकीय मुद्रणालय है जहां महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का प्रकाशन किया जाता है। मुद्रणालय का पुराना भवन अत्याधिक पुराना होने के कारण नये भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस भवन का लोकार्पण छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शासकीय मुद्रणालय में पेपर गोडाउन/ प्रिंटिंग मटेरियल स्टोर दो नग बाइडिंग एवं पेपर स्टोर एक नग, मेकेनिकल स्टोर एक नग. काम्पोजिंग एक नग, रीडिंग रूम, टाइप स्टोर एक नग, कैमरा रूम एक नग, असिस्टेंट सुपरिटेंडेन्ट कक्ष, डायरेक्टर रूम, कांन्फेस रूम एवं अन्य आवश्यक व्यस्थायें रखी गई है। शासकीय मुद्रणालय के नवीन भवन में 4 बड़े हाल एवं 12 कमरे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के



प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पांडेय, महापौर श्री मधुसूदन यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं शासकीय मुद्रणालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव में विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

## विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, महापौर अन्य जनप्रतिधि रहे उपस्थित, मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों से आत्मीय बातचीत कर स्नेह एवं दुलार दिया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय राजनांदगांव के हीरामोती वार्ड में 36 लाख 66 हजार रूपए की लागत के विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विशेषीकृत दत्तक अभिकरण में निवासरत नन्हे-मुन्हे बच्चों से आत्मीय बातचीत कर उन्हें स्नेह एवं दुलार दिया। इस दौरान श्री साय एवं विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को खिलौना भेंट कर उनका हालचाल पूछा। श्री साय ने मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर से राजनांदगांव जिले में संचालित विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के संचालन एवं देखरेख व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं अतिथियों ने नवनिर्मित भवन का अवलोकन भी किया। इस मौके



पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्री मधुसूदन यादव, राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# रेल पटरी पर रील और सेल्फी बनाना बन सकता है जानलेवा - आरपीएफ की अपील

**राजनांदगाँव ( नांदगाँव टाइम्स )।** रेलवे पटरी पर रील या सेल्फी लेना न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आगाह किया जा रहा है।



हाल ही में 15 मई को घंसौर-विनेकी रेलखंड में रील बनाते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। मृतक की पहचान आकाश राठौड़ (28 वर्ष), निवासी नरसिंहपुर (म.प्र.) के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि युवक ट्रैक पर रील बना रहा था और ट्रेन के हॉर्न के बावजूद हटने को तैयार नहीं था। नागपुर मंडल में वर्ष 2025 में अब तक ऐसे 97 मामले सामने आ चुके हैं। ऋक्क्स्न द्वारा ग्रामीण और ट्रैक किनारे बसे लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर किसी भी प्रकार की स्टंटबाजी करना कानूनन अपराध है और यह जीवन के लिए भी खतरा है। मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री दीप चन्द्र आर्य ने आम नागरिकों और मीडिया से अपील की है कि वे रेलवे की इस मुहिम में सहयोग करें और लोगों को ऐसे खतरनाक कृत्यों से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

# सुशासन तिहार के बीच तिरंगा सम्मान: हर पंचायत से निकलेगी यात्रा, सीएम खुद भी होंगे शामिल




**रायपुर( नांदगाँव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में चल रहे सुशासन तिहार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में शहीद जवानों की याद में और भारत द्वारा दिए गए जवाब के सम्मान में राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा,यह किसी पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की यात्रा है। मैं खुद एक पंचायत में तिरंगा यात्रा में शामिल रहूंगा।ज्ज

**जनता से सीधे संवाद, समाधान भी उसी मंच पर**

सुशासन तिहार को तीन चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में गांव-गांव जाकर सुझाव पेटियों के जरिए लोगों की समस्याएं जुटाई गईं। दूसरे चरण में समाधान शिविरों के जरिए समस्याओं का समाधान हुआ।

अब तीसरा चरण चल रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसर गांवों में जाकर आम लोगों से सीधे बातचीत कर रहे हैं।

**पंचायतों में लगे समाधान शिविर**

राज्य की 15 पंचायतों को जोड़कर क्लस्टर समाधान शिविर बनाए गए हैं। यहां राशन कार्ड से लेकर आवास, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, और किसान योजनाओं तक की जानकारी व समाधान एक ही जगह पर मिल रहे हैं।

**योजनाओं पर मिल रहा फीडबैक**

मुख्यमंत्री ने कहा पिछले डेढ़ साल में हमारी योजनाओं ने जनता तक असर दिखाया है। अब हम खुद जाकर उनसे पूछ रहे हैं ङ्क योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं? लोग खुलकर अपनी बात कह रहे हैं।ज्हाट-बाजार क्लिनिक, सुपोषण अभियान, रोजगार गारंटी जैसी योजनाओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

**तिरंगा यात्रा से जुड़गी जनता की भावनाएं**

कल से हर पंचायत में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को



दर्शाएगी। मुख्यमंत्री का यह कदम तिहार को प्रशासन + राष्ट्रभक्ति के संगम में बदल रहा है।

nandgaon times may-17-4.qxd 5/17/2025 12:00 AM Page 2



# झुरानदी में बिना पूर्व सूचना पहुंचे मुख्यमंत्री, चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## झुरानदी गांव में बरगद पेड़ की छांव में लगी मुख्यमंत्री की चौपाल, मुख्यमंत्री साय की बड़ी घोषणाएं: झुरानदी को मिले स्कूल भवन, सीसी सड़क और दो उच्चस्तरीय पुल



### मुख्यमंत्री ने झुरानदी में 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सहजता और सरलता से झुरानदी गांव के ग्रामीण अभिभूत हो उठे। तपती दोपहरी में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर अचानक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम झुरानदी में उतरा। बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों को हर्ष मिश्रित आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने गांव के बरगद पेड़ की छांव में चौपाल लगाई और बेहद आत्मीय अंदाज में ग्रामीणों से संवाद किया। देखते ही देखते पूरा गांव उमड़ पड़ा और माहौल उत्सव जैसा बन गया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से बातचीत की शुरुआत करते हुए कहा कि मैंने बस्तर, सरगुजा के अनेकों जिले में और जांजगीर, चांपा, कबीरधाम, बेमेतरा जिले जैसे जिलों के सुदूर गांवों तक जाकर जनचौपाल की है। उन्होंने कहा कि आज मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले से होकर आपके इस गांव झुरानदी में सीधे पहुंचा हूं। हमारी सरकार गांव, गरीब और किसान की सरकार है। हम हर घर तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर झुरानदी गांव में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने ग्राम में सीसी सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, दो उच्च स्तरीय पुल निर्माण- गंडई से कृतबाधा पहुंच मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 54 लाख रूपए और गंडई कर्रानाला पहुँचमार्ग पर लिमो में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 2 करोड 52 लाख रूपए और ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत भोरमपुर में नए पंचायत भवन निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गांव के बीच बाजार पड़ाव में बरगद पेड़ की छांव में जनचौपाल लगाई और वहां उपस्थित ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ी भाषा में ही संवाद की शुरुआत की, जिससे ग्रामीणों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और गहराता गया। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं, सुझाव और योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े अनुभव भी सुने। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री साय के सहज, सरल, सादगीपूर्ण और विनम्र व्यवहार की खुले दिल से सराहना की। बुजुर्गों ने कहा कि वर्षों में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब प्रदेश के मुखिया सीधे उनके गांव में पहुंचे। किसानों और युवाओं ने मुख्यमंत्री की माटी से जुड़ी शैली को नज़दीक से देखा और महसूस किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर सुशासन तिहार के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं बस्तर से लेकर सरगुजा तक अनेक गांवों का दौरा कर चुके हैं, और योजनाओं की प्रगति की प्रत्यक्ष जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गांव के बाजार पड़ाव स्थित पवनपुत्र हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**झुरानदी गांव में 180 पीएम आवास पूर्ण**

खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरानदी की



जनसंख्या 1935 है। यह गांव लोधी एवं वर्मा समाज की बहुलता है। गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है। गांव में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और हाई स्कूल की सुविधा उपलब्ध है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 217 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 180 पूर्ण हो चुके हैं तथा 37 निर्माणाधीन हैं। महतारी वंदन योजना से 616 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार मिल रहा है। गांव में 17 स्वसहायता समूह की महिलाएं आजीविका गतिविधियों से जुड़ी है।

---

भानेश्वरी साहू का सुयश

### 10 वीं बोर्ड परीक्षा 87 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवोदित प्रज्ञा सुमन हायर सेकंडरी



स्कूल सुरगी की छात्रा कुमारी भानेश्वरी साहू ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 87 त्न अंको के साथ उत्तीर्ण कर अपने स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन की है।भानेश्वरी के पिता फकीर प्रसाद साहू टाईल्स लगाने का काम करते हैं एवं उनकी माता -केकतीबाई रोजी- मजदूरी करती हैं। इस मेधावी छात्र का सम्मान उनके घर में जाकर किया गया। छात्रा को मिठाई खिलाकर, पेन एवं श्रीफल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। भानेश्वरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं परिवार के सहयोग को दिया है। इस अवसर पर साकेत सहित परिषद सुरगी के अध्यक्ष और जिला साहू संघ साहित्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओम प्रकाश साहू अंकुर ,साकेत साहित्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला साहू संघ राजनांदगांव के साहित्य प्रकोष्ठ के सचिव लखन लाल साहू लहर , पूर्व अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू,साकेत के पूर्व सचिव फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, साकेत साहित्य परिषद के सहसचिव डोहर दास साहू,डॉ एस कुमार साहू डॉ चैतराम यादव ,महेश साहू सर, खुमेश कुमार साहू संचालक रंग छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक संस्था सुरगी, लोकनाथ साहू की उपस्थिति रही।

---

# पर्यावरण से खिलवाड़ कर क्षेत्र में बेखौफ बेधड़क लाल ईटों का निर्माण जारी

## आवास योजना में लाल ईट के उपयोग पर किस्त राशि भुगतान में रोक लगाने की शिकायत



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के धर्मनगरी कहे जाने वाले डोंगरगढ़ के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा क्षेत्र के ग्राम बेलगांव, कान्हारगांव, देवकट्टा, शिवपुरी, ढारा, मोहारा, मुरमुंदा, मेढा, मडियान, डिंगोकाल, ठाकुरटोला, बोरतलाव, पीपर खार, गाजमर्रा, कल्याणपुर, लेडीजोब, पीपरखार, कलकसा, मक्काटोला भोथली, कुरुभांठ, धुसेरा,नागतराई,जामरी, डुंडेरा सहित आसपास के गाँवो मे बेखौफबेधड़क लाल ईटों का निर्माण किया जा रहा है और पर्यावरण के दुश्मन इसकी खपत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण में किया जा रहा है जिसको देखने और कार्यवाही करने वाले दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे है जो पर्यावरण के लिए खतरे का संकेत है. इसकी शिकायत ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला कलेक्टर, डोंगरगढ़ राजस्व अधिकारी, डोंगरगढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पंचायत लाल बहादुर नगर सीएमओ से ज्ञापन देकर की गई है और प्रधानमंत्री आवास योजना भवन में लाल ईटों के उपयोग पर हितग्राहियो के किश्त की राशि को रोके जाने की माँग की है. ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि शासकीय योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित भवनों में सीमेंट ईट (काला ईट) का उपयोग करना अनिवार्य है। सुडा विभाग रायपुर तथा पर्यावरण विभाग के निर्देशों को धता बताते हुए नगर पालिका क्षेत्र एवं जनपद पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण हो रहा है। अप्रत्यक्ष रूप से अवैध लाल ईट निर्माण करने में प्रोत्साहन दिया जा रहा है। संबंधित



अधिकारी द्वारा अवैध लाल ईट से निर्मित भवनों का करोड़ो रूपयें का भुगतान किया जा चुका है तथा किया जा रहा है। खनिज विभाग राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों को जानकारी होने के बावजुद खुलेआम डोंगरगढ़ से राजनांदगांव मुख्य मार्ग के किनारे पर कई जगहों पर तथा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अवैध लाभ कमाने ईट का कारोबार फल फुल रहा है। बेरहमी से लकड़ी कटाई, भूमि की खुदाई. नाला से भसवा रेती खुदाई कर अवैध लाल ईट का निर्माण किया जा रहा है. प्रधानमंत्री आवास के संबंधित अधिकारियों के देखरेख में लाल ईटों को भवन मे उपयोग किया जा रहा है। तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पंचायतों के भवन निर्माण में सीमेंट ईट (काला ईट) कीमत कम होने के कारण लागत कम होंगी. वही माँग कि गई है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित भवनों में अवैध लाल ईट उपयोग करने पर शासकीय किस्तों की



राशि के भुगतान पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाये। इससे पर्यावरण की रक्षा होंगी, स्वमेव अवैध लाल ईट के निर्माण में अंकुश लगेंगा व कुछ अवैध ईटभट्ठा को संरक्षण देने वाले कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की अवैध वसूली बंद होगी. शीघ्र अवैध लाल ईट से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित भवन के शासकीय किस्त भुगतान पर रोक लगाया जावें तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंधित स्थानीय अधिकारी जिन्होने अवैध लाल ईट निर्मित भवन का शासकीय किस्त का भुगतान किया है। उनके विरूद्ध उचित कार्यवाही की जावे व भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए सीमेंट ईटों का ही उपयोग का आदेश पुन: जारी करें।

---

# गायत्री विद्यापीठ के छात्रों ने लहराया अपना परचम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त षाला जेएलएम गायत्री विद्यापीठ केशर नगर में सीबीएसई बोर्ड सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

कक्षा 12वीं में कॉमर्स विभाग से भावेश जैन पिता प्रदीप जैन, माता पुष्पा जैन 93.80 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अनुशी श्रीवास्तव पिता अनूप श्रीवास्तव, माता प्रीति श्रीवास्तव 88.40 प्रतिशत द्वितीय, मनन पारख पिता मनीश पारख, माता माया पारख 87.60 प्रति. अंक लेकर के साथ तृतीय स्थान पर रही। बायोलॉजी विभाग में रिषिका गोलछा पिता मलय गोलछा, माता वंदना गोलछा 92.80 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आर्यन देवांगन पिता भागवत प्रसाद देवांगन, माता दीप्ति देवांगन 91.00 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, प्रेमदीप रजक पिता कुंजलाल रजक, माता रागिनी रजक 87.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

मैथ्स विभाग में प्रतीक साहू पिता दिलीप कुमार साहू, माता दीप्ति साहू 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आदित्य कुमार साहू पिता सुदन साहू, माता दुमेश्वरी साहू 89 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, पीयूष कुमार साहू पिता डाकवरलाल साहू, माता सुनीता साहू 87.80 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। शाला में कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में उत्कर्ष साहू पिता शत्रुघन साहू माता दिनेश्वरी शत्रुघन साहू ने 90.60 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अविरल अग्रहरि पिता प्रवीण अग्रहरि माता श्रीमती प्रतीमा अग्रहरि ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान व मनाली देवांगन पिता श्री भुनेश्वर कुमार देवांगन माता वनीता देवांगन ने 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में शाला का कुल परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा।

शाला की व्याख्याता श्रीमती उर्मिला मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत लगन के साथ अभिभावक एवं शिक्षकों के प्रोत्साहन के कारण विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति कड़ी मेहनत एवं सतत् अभ्यास के कारण ही आज हम इस मंजिल पर पहुँचे है। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, ऐकेडमी हेड श्री अमित उत्तलवार, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर (सीबीएसई), श्रीमती पिंकी खंडेलवाल (सीजी अंग्रेजी माध्यम), सुश्री सीमा श्रीवास्तव (सीजी हिन्दी माध्यम), उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू एवं मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी तथा साथ ही शिक्षक श्री प्रणव दवे, श्री अखिलेश मिश्रा, श्री संतू गुप्ता, श्री सुनील गुप्ता, श्री आशीष शर्मा, श्री आशीष सोनवानी, श्रीमती उर्मिला मिश्रा, श्री राहूल जैन, श्री मनीष सुराना, श्रीमती वाणी मुदिराज ने भी बधाई दी।

---

### राशि साहू ने 10 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप टेन में स्थान बनाया

**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगाँव ब्लाक के ग्राम अमलीडीह निवासी टोमन साहू की सुपुत्री राशि साहू ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप टेन में स्थान बनाया है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ-साथ अंचल में खुशी की लहर है। राशि की इस उपलब्धि पर बधाई देने हेतु उनके निवास अमलीडीह में पहुँच कर डोंगरगाँव नगर पंचायत की अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के साथ नगर पंचायत डोंगरगाँव के पार्षद कोमल साहू, पद्मनी ठाकुर, गायत्री यादव,निर्मला मालेकर सहित लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार, रंग कर्मी, संस्कृत कर्मी, मंच संचालक, शिक्षाविद डॉ.गजेन्द्र हरिहारनोदीप, वीरेंद्र साहू पटवारी,कौशल जत्ती सब इंजीनियर व वैभव जांगड़े उपस्थित थे।



---

**शुभांक**

**3-4-9**

**389-0 468-8**

**भाग्यांक**

**278-7 678-1**

---

### अवैध शराब कोचियों पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही.

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अवैध शराब की बिक्री पर डोंगरगढ़ पुलिस ने कोचियों के विरुद्ध व सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब सेवन को लेकर सख्त कार्यवाही की जा रही है. इसी क्रम में डोंगरगढ़ पुलिस ने बसंत सिंग उर्फबबुआ, करमजीत सिंग भाटिया, रामगुलाब साहू, गुनवंत अंबादे, प्रवीण कोचे के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1), 36(ट्ठ) के तहत कार्यवाही की गई है.

---

# पानी बिजली मेडिकल कॉलेज स्टेडियम एवं पार्किंग आदि की स्थायी व्यवस्था की मांग डॉ. रमन से - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से शहर के विधायक डॉ. रमन सिंह जी से यह मांग की है कि राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व करते आपको लगभग 25 वर्ष होने आ रहा है लेकिन राजनांदगांव शहर की जनता को स्थायी सुविधाएं जो मिलनी चाहिए वह नही मिल रही है क्योंकि जिस तरह से राजनांदगांव में कुछ प्रशासनिक अधिकारी जिस तरह से कुछ जनप्रतिनिधियों पर पूरी तरह हावी है ? जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और शहर की आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को भी गंभीरता से नही लेते इसके लिये आपको राजनांदगांव शहर में दौरा करके कड़े निर्णय लेने की जरूरत है नही तो जिस तरह से आप राजनांदगांव शहर के विकास के लिए पिछले 25 वर्षों में करोडों अरबों रूपयों की स्वीकृति दिला दिये है। लेकिन शहर की जनता को एक भी स्थायी सुविधा का लाभ नही मिल पा रहा है इस पर आपकों चिंतन करना चाहिए । नंबर 1- लगभग चार सौ करोड़ रूपयों की मेडिकल कॉलेज अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुंकि और गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार प्राईवेट में पूरी तरह से लूट के शिकार बन रहे है। (2) दो सौ दस करोड़ रूपयों की 24 घंटे अमृत मिशन योजना का पानी पूरी तरह फैल और आज शहर की जनता को पीने का पानी भी ले-देकर दो बाल्टी, चार बाल्टी नसीब हो रहा है। (3) छ: करोड़ पच्चीस लाख का हाईटेक बस स्टैण्ड फैल (4) शहर में पार्किंग की स्थायी व्यवस्था फैल (5) विद्युत विभाग की बिजली बंद और मेंटनेस के नाम पर खुले आम भ्रष्टाचार चरम पर है। (6) दस करोड़ का ट्रांसपोर्ट नगर फैल। (7) दस करोड़ की सडक् डामरीकरण भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन निर्माण की भेंट चढ़ रही और निगम



आयुक्त श्री विश्वकर्मा और कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके मदमस्त हाथी की तरह मस्ती में चल रहें है इन्हे कोई सांसद विधायक और महापौर एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का डर और भय नही है। उसके प्रमाण यह है कि जहां एक ओर राजनांदगांव जिले के कलेक्टर शहर की सफाई पानी आदि व्यवस्था को देखने के लिए लगातार वे महापौर आदि के साथ दौरा कर रहें है इससे निगम आयुक्त की पोल खुल रही है जो सफाई पानी आदि की व्यवस्था का दायित्व निगम आयुक्त का है लेकिन निगम आयुक्त फोटो छपाने में पूरी तरह मस्त है धरातल पर काम हो रहा या नही उससे उन्हे कोई लेना-देना नही है। (8) राजनांदगांव का ऐतिहासिक दिग्विजय स्टेडियम 55 करोड़ रूपये खर्च होने के बाद भी फैल। (9) म्युनिस्पल हाई स्कूल बच्चों के खेलने के मैदान को पूरी तरह बरबाद कर दिया गया इसी तरह और कई गंभीर मामले है लेकिन मेरा आपसे अनुरोध है कि इस गर्मी में जहा सुशासन के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री निकल पड़े है उसी तरह आप राजनांदगांव शहर की इन मूलभूत बिन्दुओं पर गौर करने के लिए सडक् पर उतरकर मौके का मुआयना करोगे तो विकास और भ्रष्टाचार आपके सामने दिख जायेगा और आप जो शहर विकास के लिए राशि उपलब्ध करा रहें है उसका सही उपयोग दिखेगा अन्यथा जिस तरह पहले की राशि भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन निर्माण की भेंट चढ़ी और यह स्वीकृत राशि भी भ्रष्टाचार की भेंट चढने् से कोई नही रोक सकता ? और इस भीषण गर्मी में मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में जहा गरीब लोग बिना कु लर के रह रहें है उस अस्पताल का कल दौरा करके वस्तु स्थिति से अवगत हो जाये और इन संपूर्ण बिन्दुओं का स्थायी हल के लिए ठोस निर्णय लेते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का बिगुल फूंका जाना चाहिये।

---


**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ0ग0)**

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र.- 202505291500009
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 2990/वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 13/08/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक /केता आदित्य चंदेल पिता बंशीलाल चंदेल निवासी ग्राम-खुड़मुड़ी तहसील-छुईखदान जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लाक नं.-01 स्थित भूखण्ड क्रमांक-78/1 स0भू0 79, 80 पूरे का बटा-121 कुल क्षेत्रफल 1015 वर्गफूट को पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 18.03.2025 के माध्यम से अनावेदक / विक्रेता श्रीमती सरिता पंसारी पति प्रदीप पंसारी कामता गली वार्ड क्रमांक-61 रायपुर जिला-रायपुर से कय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदानङ्कगण्डई (छ0ग0)**

// // उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र.-202505291500008
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 2992/वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 15/08/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक /केता आदित्य चंदेल पिता बंशीलाल चंदेल निवासी ग्राम खुड़मुड़ी तहसील-छुईखदान जिला खैरागढ़-छुईखदान गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लाक नं.-01 स्थित भूखण्ड क्रमांक-78/1 स0भू0 79, 80 पूरे का बटा-48 कुल क्षेत्रफल 1015 वर्गफूट को पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 18. 03.2025 के माध्यम से अनावेदक / विक्रेता संजय महोबिया पिता विष्णु महोबिया निवासी बाजार लाईन वार्ड-10 छुईखदान जिला-के0सी0जी0 से कय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

उद्घोषणा

प्र.क्र.202505091000012
अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समरत ग्रामवासी ग्राम रंगीटोला, प.ह.नं. 15, रा.नि. मंडल बापूटोला तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक ठाकुरराम आ. रामरतन, जाति कलार, निवासी ग्राम रंगीटोला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम रंगीटोला, प.ह.नं. 15, तहसील छुरिया स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 84/7 रकबा 0.041 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु संशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 29/08/2025 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 29/05/2025 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक 14/05/2025**
**सुनवाई दिनांक - 29/05/2025**

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव

nandgaon times may-17-4.qxd 5/17/2025 12:00 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) किस स्थान पर 8 मई, 2024 को ब्लेड जैसे जहरीले सांप की खोज की गई है?*

*2) टोरंटो का योंग स्ट्रीट क्यों मशहूर हैं?*

*3) जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने निधन से पहले कौन-सा समारोह किया था?*

*4) अपने सभी ग्लेशियरों को 17 मई, 2024 को खोने वाला पहला देश कौन-सा देश बना?*

*5) बिग बेन को किसने बनाया था?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) थाईलैंड (2) दुनिया का सबसे लंबा स्ट्रीट (3) सल्लेखना (4) वेनेजुएला (5) ऑगस्टस पुगिन

## दिनदहाड़े ग्रामीण हुआ लूट का शिकार.

### मामला- थाना बोरतलाव के चेंदरी माता हनुमान मंदीर के पास का.

**डोंगरगढ़/ बोरतलाव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगढ़ से बोरतलाव जाने वाले मुख्य मार्ग पर ग्रामीण दिनदहाड़े लूट का शिकार हो गया जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया.बताया जाता कि 15 मई गुरुवार को ग्राम बुढांनछापर का ग्रामीण डोंगरगढ़ से अपने घर जा रहा था कि दिन के लगभग 10 बजे दो अज्ञात मोटरसाइकिल से आए और जबरदस्ती छीना झपटी कर जेब में रखे नगदी 20 हजार और मोबाईल को लूट कर महाराष्ट्र की तरफ नौ दो ग्यारह हो गए. जिसकी शिकायत ग्रामीण ने थाना बोरतलाव में की है. वही पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी आशा राम सिन्हा पिता स्व0 बाबूलाल सिन्हा उम्र 52 साल निवासी बुढानछापर, थाना बोरतलाव, जिला राजनांदगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कि 15 मई के प्रात: 09.45 बजे दिन में डोगरगढ से अपने गांव बुढानछापर आते समय बीच रास्ता हनुमान मंदिर , चेंदरी माता मंदिर बोरतलाव के पास दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में सवार होकर आये और प्रार्थी को रास्ता रोककर फुलपेंट के दोनो जेब में रखे नगदी 20 हजार रूपये लगभग व शर्ट के जेब में मोबाईल रेडमी 08 कंपनी कीमत 5,000 रूपये लगभग कुल 25,000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बलपूर्वक छपटमारी कर ले गया है और चांद-सूरज महाराष्ट्र की ओर भाग गया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 126(2),304(1),3(5)क्हस् कायम कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है ।

**जल्द ही पकड़े जाऐंगे आरोपी - उपेंद्र कुमार थाना प्रभारी बोरतलाव.**

दिनदहाड़े हुई लूटमार के विषय में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी बोरतलाव उपेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों का सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

## दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में आरडीए कालोनीर डीडीनगर निवासी प्रार्थी जगन्नाथ सिंह 43 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीजे 6253 को टाटीबंध शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में गंज रोड नवापारा निवासी संदीप बोथरा 50 वर्ष ने गोबरानवापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 23 एच 6209 को सुमित बाजार के सामने गंज रोड नवापारा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में हुए शामिल

### समाधान शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए किया गया सामग्री वितरण

**राजनांदगांव( नादगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नगर निगम राजनांदगांव के मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में शामिल हुए। मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित समाधान शिविर में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 7 एवं 8 के नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समाधान शिविर में नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती मातओं की गोदभराई और स्वच्छता किट का वितरण की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मोर मकान मोर आस योजना के अंतर्गत 16 हितग्राहियों को आवास का आबंटन और 21 हितग्राहियों को आवास निर्माण कर चाबी सौंपी। खाद्य विभाग के अंतर्गत 8 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया। इसी तरह 1 महिला हितग्राही को स्वावलंबी बनाने के लिए 1 लाख रूपए का ऋण स्वीकृति प्रदान किया। 10 श्रमिकों को श्रमिक कार्ड, 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, मत्स्य विभाग के हितग्राहियों को 5 आईस बाक्स और 5 मछली जाल वितरण किया। कृषि विभाग के 3 हितग्राहियों को अरहर मिनी किट वितरण किया।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत राजनांदगांव नगर पालिक निगम के 6 वार्डों के समस्या के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पूरे प्रदेश में अभियान के रूप में चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गांव-गांव जाकर छोटे से लेकर बड़े समस्याओं का निराकरण सीधे उनके गांव में पहुंचकर कर रहे हैं। सुशासन तिहार में तत्काल होने वाले कार्यों को निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में विद्युत, राजस्व, पेंशन, छात्रावास की समस्याओं समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव शहर के भीतर वार्डों में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पार्षद जमीन से जुड़कर नीचे स्तर के कार्यों का निराकरण करने में सक्रिय है। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शासन-प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित समाधान शिविरों में पहुंचकर सुशासन तिहार अंतर्गत जनमानस से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दे रहे है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में पहुंचकर ग्रामीणों से मिल रहे है और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे है। उन्होंने नगर पालिक निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का बारीकी से जांच कर उनका निराकरण हो रहा है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्ड 1, 2, 3, 4, 7 एवं 8 से 313 आवेदन प्राप्त हुआ है और इनमें से 311 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया।

## अब नहीं कब करेंगे, जल का संरक्षण के नारा के साथ भरी दोपहर के धूप में जल यात्रा कर रही है नारी शक्ति

**अर्जुनी (नांदगांव टाइम्स)।** अब नहीं कब करेंगे, जल का संरक्षण के नारा के साथ भरी दोपहर के धूप में जल यात्रा कर रही है नारी शक्ति, इस यात्रा को देख गांव के साथ साथ राहगीर उनके साहस को देख नारी शक्ति को सलाम कर रहे है, कल गुरुवार ग्राम घोरदा, अर्जुनी, केशला में हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत एवं ग्राम संगठन के संयुक्त प्रयास किया गया, इस कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, हरियाली बाहिनी जनिया साहू, तीनों ग्राम पंचायत के सरपंच, पीआरपी श्रीमती मीना अंबादे, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान समूह, कैडर, पंचायत पदाधिकारी, ग्रामवासीगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती फूलबासन यादव ने बताया कि डोंगरगांव में पानी की भारी संकट हैं आज हम जल संचय की दिशा में प्रयास नहीं करेंगे तो आने वाले 5 वर्ष में काफ़ी नुकसान होना है, इसलिए मां बम्लेश्वरी, हरियाली बाहिनी, बिहान समूह, कैडर, पंचायत पदाधिकारी सहित पूरा टीम लगा हुआ है, जिला प्रशासन भी लगातार बैठक लेकर जल संरक्षण के लिए कार्य करने समझाइश दे रहे है, शिव कुमार देवांगन ने कहा कि हम सब को मिलकर पौधा लगाने की दिशा में काम होता रहा है, जिसमें मात्रा 10 प्रतिशत बचा पा रहे है, इस बार 70 प्रतिशत पौधा को पेड़ बनाने विशेष अभियान चलाई जा रही है, यह अभियान संयुक्त प्रयास से सफल होगा।



## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं एसएसडी परिवार द्वारा चलित प्याऊ घर का शुभारंभ

**राजनंदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** व्यापारिक संगठनो की सर्वोच्च संस्था चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैद द्वारा भीषण गर्मी में सकारात्मक पहल करते हुए लगातार प्याऊ के माध्यम से लोगों को ठंडा जल उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। जिसके तहत गत दिनों दो स्थाई प्याऊ घर के बाद अब चलित प्याऊ घर खोलने की परंपरा शुरू हो चुकी है, जिसके तहत ई रिक्शा के माध्यम से शहर के चौक चौराहों एवं सभी व्यापारिक स्थलों पर जरूरतमंद लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने की योजना पर अमल करते हुए आज एसएसडी परिवार द्वारा चलित प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, मन्नूमल मोटलानी, हरीश मोटलानी दौलत रामचंदानी, अर्जुन गंगवानी, पंकज जेठानी अशोक झमटानी, वासुदेव मोटलानी, तिवारी जी के साथ चेंबर ऑफकॉमर्स के ज्ञानू बाफ्ना, विनोद डडढा, अरुण डूलानी, सुनील बरडिया, भीमन धनवानी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. चलित प्याऊ घर में सराहनीय सहयोग हरीश मोटलानी का रहा ।



# राम बेलगांव में आयोजित समाधान शिविर में कृषक सुखदास, बिंदिया बाई और मयाराम ने किसान क्रेडिट कार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की

### किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों को खेती-किसानी में मिलेगी मदद, कृषकों ने किसान क्रेडिट कार्ड मिलने पर मुख्यमंत्री को तहे दिल से दिया धन्यवाद



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत बेलगांव में समाधान शिविर में ग्राम कातलवाही के श्री सुखदास गायकवाड़, ग्राम कोलेन्द्रा की श्रीमती बिंदिया बाई वर्मा तथा ग्राम रिवागहन के श्री मयाराम वर्मा ने सहकारिता विभाग की ओर से किसान क्रेडिट कार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। ग्राम कातलवाही के सुखदास गायकवाड़ ने बताया कि उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खेती-किसानी के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर 60 हजार रूपए की राशि मिलेगी। तीन एकड़ की जमीन पर वह खेती-किसानी का कार्य कर रहे हैं, राशि मिलने पर उन्हें बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहली बार वे सरकार से खेती-किसानी के लिए ऋण ले रहे है। सहकारिता विभाग की ओर से जानकारी मिलने पर उन्होंने अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया है। श्री सुखदास ने कहा कि शासन की यह योजना किसानों के लिए हितकारी है और इससे मदद मिलेगी। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत किसान केडिट कार्ड मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को तहे दिल से धन्यवाद दिया। ग्राम कोलेन्द्रा की श्रीमती बिंदिया बाई वर्मा ने बताया कि क्रेडिट कार्ड बनने से शून्य प्रतिशत ब्याज पर खाद-बीज एवं अन्य सामग्री ऋण लेकर ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में उन्होंने क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था और सहकारिता विभाग द्वारा तत्काल क्रेडिट कार्ड मिलने पर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का अच्छा लाभ जनसामान्य को मिल रहा है। ग्राम रिवागहन के किसान श्री मयाराम वर्मा ने कहा कि समाधान शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 80 हजार रूपए के ऋण का चेक प्राप्त हुआ है। इस राशि का उपयोग वह धान का बीज लेने, धान का थरहा लगाने सहित खेती-किसानी में करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके पास 4.70 एकड़ जमीन है और शासन की विभिन्न योजनाओं से खेती किसानी को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी करने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बन रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।



## धर्म समाचार....

# गुरु ग्रह ने बदली राशि:18 अक्टूबर तक मिथुन राशि में रहेगा गुरु

आज (15 मई) गुरु ने राशि बदलकर वृष से मिथुन में प्रवेश किया है। ज्योतिष के भाषा में गुरु ग्रह इस समय अतिचारी है, अतिचारी यानी ये ग्रह अपनी सामान्य गति से तेज चल रहा है। अब 18 अक्टूबर तक गुरु मिथुन राशि में ही रहेगा। इसके बाद कर्क राशि में प्रवेश कर लेगा। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, ज्योतिष में जब कोई ग्रह अपनी सामान्य चाल से तेज चलने लगता है तो उस स्थिति को ग्रह का अतिचारी होना कहते हैं। गुरु ग्रह एक राशि में करीब 12 महीने रुकता है, लेकिन गुरु ग्रह इस समय काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसलिए 18 अक्टूबर को फिर से राशि बदलकर कर्क में प्रवेश कर लेगा। जानिए सभी 12 राशियों के लिए गुरु ग्रह का कैसा असर हो सकता है...

**मेष राशि**- गुरु का गोचर तीसरे भाव में हो रहा है, जिससे आत्मबल और पराक्रम में वृद्धि होगी। आपकी बातों में प्रभाव रहेगा और संचार से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। भाई-बहनों से संबंध मधुर होंगे। इन लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि**- गुरु दूसरे भाव में प्रवेश है, जो आर्थिक रूप से शुभ संकेत है। पुराने निवेश से लाभ होगा और नई आमदनी के स्रोत बन सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख बढ़ेगा और आपकी वाणी में मिठास आएगी।

**मिथुन राशि**- गुरु आपकी ही राशि में है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपकी सोच में परिपक्वता आएगी और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। यह समय




व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में नई शुरुआत के लिए अनुकूल है।

**कर्क राशि**- गुरु का गोचर बारहवें भाव में है, जिससे खर्चों में वृद्धि हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन सकते हैं और योजनाएं सफल हो सकती हैं। हालांकि, मानसिक तनाव बना रह सकता है, इसलिए ध्यान और संयम आवश्यक है।

**सिंह राशि**- गुरु का गोचर ग्यारहवें भाव में है, जो लाभ, इच्छाओं की पूर्ति और मान-सम्मान में वृद्धि का सूचक है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग मिलेगा। ये समय नए संपर्क बनाने के लिए श्रेष्ठ है।

**कन्या राशि**- गुरु का गोचर दसवें भाव में है, जिससे करियर में उन्नति के योग बनेंगे। नई जिम्मेदारियां आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगी। सरकारी, प्रशासनिक और शिक्षा से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिल सकती है।

**तुला राशि**- गुरु नवम भाव में है, जो भाग्य, धर्म और उच्च शिक्षा का प्रतीक है। इस समय में भाग्य का साथ मिलने वाला है। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और यात्रा के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक राशि**- गुरु का गोचर अष्टम भाव में है। अचानक होने वाली घटनाओं के लिए तैयार रहें। मानसिक उतार-चढ़ाव और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां आवश्यक हैं। ज्योतिष, शोध, आयुर्वेद और गूढ़ विषयों से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

**धनु राशि**- गुरु सप्तम भाव में है, जो विवाह, साझेदारी और सामाजिक संबंधों को प्रभावित करेगा। विवाह योग्य लोगों के लिए अच्छा समय है। व्यापारिक साझेदारियों से लाभ होगा और सार्वजनिक जीवन में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मकर राशि**- गुरु का गोचर छठे भाव में हो रहा है, जो स्वास्थ्य और प्रतिस्पर्धा से जुड़ा है। यह समय संघर्षपूर्ण हो सकता है, लेकिन परिश्रम से सफलता मिलेगी। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ राशि**- गुरु पंचम भाव में गोचर करेंगे, जिससे शिक्षा, संतान और प्रेम संबंधों में शुभता आएगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह समय विशेष लाभकारी है और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग बन रहे हैं।

**मीन राशि**- इस समय में आपको धन हानि और गलत निवेश से बचने की सलाह दी जाती है। वित्तीय मामलों में सतर्कता बरतना जरूरी है।

## श्रीकृष्ण की अर्जुन को सीख:परेशानियों से भागे नहीं, उनका सामना करें, तभी जीवन में सुख-शांति और सफलता मिल सकती है

जीवन में दुख का आना-जाना लगा रहता है। आधुनिक जीवन शैली की वजह से रिश्तों में असंतुलन, काम का दबाव और अनिश्चितता बनी रहती है। इन कारणों से हमें तनाव का सामना करना पड़ता है। श्रीकृष्ण के किस्सों से हम समझ सकते हैं कि दुख और तनाव को कैसे दूर किया जा सकता है... महाभारत के युद्ध से ठीक पहले अर्जुन युद्धभूमि में अपने ही संबंधियों को देखकर विचलित हो गए थे। वे धनुष-बाण नीचे रख देते हैं। उस समय श्रीकृष्ण उन्हें गीता का उपदेश देते हैं- श्रीकृष्ण अर्जुन को समझाते हैं कि तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत करो। जब भी हम दुख या तनाव में हों तो भागने की बजाय समस्या का सामना करना चाहिए। परिणाम की चिंता छोड़कर अपने कर्म पर ध्यान दें, हमारे कर्म सही हैं तो परिणाम भी सही ही आता है। श्रीकृष्ण एक ओर द्वारका के राजा थे, वहीं दूसरी ओर सुदामा जैसे गरीब ब्राह्मण के मित्र भी थे। जब सुदामा मित्र श्रीकृष्ण से मिलने आते हैं तो श्रीकृष्ण उनके चरण धोते हैं और उन्हें गले लगाते हैं। तनाव तब बढ़ता है जब हम दिखावे, पद और स्थिति के अनुसार लोगों से व्यवहार करते हैं। श्रीकृष्ण संदेश देते हैं कि रिश्तों में सच्चाई, करुणा, समानता और संतुलन होना चाहिए। जब हम रिश्ते ठीक से निभाते हैं तो मानसिक शांति मिलती है। महाभारत युद्ध से पहले श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर कौरवों के पास जाते हैं, श्रीकृष्ण युद्ध को टालना चाहते थे। बहुत समझाने के बाद भी जब दुर्योधन ने शांति प्रस्ताव ठुकरा दिया, जब शांति का कोई मार्ग नहीं बचा, तब श्रीकृष्ण युद्ध के लिए तैयार हो जाते हैं। श्रीकृष्ण ने शांति की स्थापना के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश की, लेकिन जब शांति का कोई मार्ग नहीं बचा, तब उन्होंने युद्ध करने का निर्णय लिया। बाद में महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण की नीतियों से पांडवों को जीत भी मिली।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स
खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# मुख्यमंत्री साय ने दिया स्पष्ट संदेश : कमिश्नर और कलेक्टर करें नियमित प्रवास, राजस्व न्यायालय का समयबद्ध और नियमित संचालन करें सुनिश्चित

## योजनाओं की सफलताका मापदंड केवल कागजी प्रगति नहीं, बल्कि लाभार्थियों के चेहरे पर आई संतोष और सुरक्षा की अनुभूति है : मुख्यमंत्री , सभी पंचायतों में आयोजित होगी तिरंगा यात्रा




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार अंतर्गत राजनांदगांव जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विकास और जनसेवा के लिए नियमित भ्रमण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास तथा राजस्व न्यायालयों के समयबद्ध संचालन के संबंध में कड़े निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा। जब अधिकारी जमीनी हकीकत से जुड़े रहेंगे और जनता की समस्याओं का निराकरण सीधे उनकी उपस्थिति में किया जाएगा। इसके लिए सभी कमिश्नर, कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीन जिलों और ब्लॉकों में नियमित भ्रमण और प्रवास करें तथा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की भौतिक निगरानी सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही की संस्कृति को मजबूत करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालय का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी पूर्वनिर्धारित न्यायालय कैलेंडर के अनुसार ही कार्य करें। केवल अत्यंत विशेष परिस्थितियों में ही न्यायालय की तिथि रद्द की जाए। इससे न केवल आमजन को समय पर न्याय मिलेगा बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी पारदर्शिता आएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुशासन की रीढ़ यही है कि अधिकारी जनसम्पर्क बनाए रखें, जनता के बीच उपस्थित रहें और उनकी समस्याओं को त्वरित रूप से हल करें। यह न केवल विश्वास की भावना को मजबूत करेगा, बल्कि शासन की विश्वसनीयता को भी बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो तथा हर पात्र हितग्राही तक लाभ समय पर पहुँचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ताकि आमजन को योजनाओं की जानकारी समय रहते मिले और वे उसका लाभ उठा सकें। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु नियमित शिविरों का आयोजन हो। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी आवासीय योजनाओं की लंबित मांगों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाए। साथ ही जिलों में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए समयबद्ध कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य है कि शासन और प्रशासन की पहुंच गांव, गरीब और अंतिम पंक्ति के नागरिक तक सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता का मापदंड केवल कागजी प्रगति नहीं, बल्कि लाभार्थियों के चेहरे पर आई संतोष और सुरक्षा की अनुभूति है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अंतर्गत दी गई। अधिकांश घोषणाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। उन्होंने सभी जिलों में अधिकारियों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की और कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रशासन को समर्पित होकर और समन्वय स्थापित कर कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि आने वाले खरीफसीजन को देखते हुए सभी जिलों में कृषकों की आवश्यकताओं के अनुरूप पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर लें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से शिविर लगाकर लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध समाधान मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 1460 पंचायतों में अटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इन केंद्रों के सुचारू संचालन से ग्रामीण नागरिकों को बैंक, दस्तावेज और डिजिटल सेवाओं के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने इन केंद्रों के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी और निर्देश दिए कि इनसे जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। मुख्यमंत्री श्री साय ने जानकारी दी कि सभी पंचायतों में तिरंगा यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जो राष्ट्रीय चेतना और नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करेगी।



उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से इस यात्रा में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को समन्वय, तत्परता और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए विकास यात्रा को गति देनी होगी। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# डॉ रमन सिंह की प्रेरणा से 124 सिंफनी कूलर का संस्थाओं को वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज स्पीकर हाउस में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की प्रेरणा से युवा अनस्टॉपेबल संस्था द्वारा सीएसआर फंड से 124 कूलर का वितरण किया गया। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज दोपहर 1:00 बजे डॉ रमन सिंह स्पीकर हाउस पहुंचे जहां पर युवा अनस्टॉपेबल संस्था द्वारा 124 सिंफ्नी कूलरों का वितरण शहर की विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था एवं आदिवासी छात्रावासो को सिंफ्नी कूलर का निशुल्क वितरण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से वृद्ध आश्रम, आस्था मूक बग्घीर, अभिलाषा,मनोकामना, मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, प्री मैट्रिक अनुसूचित बालक छात्रावास, बालिका गृह, सर्वोदय संस्था, जिला अस्पताल,आयुर्वेदिक अस्पताल, विभिन्न




ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सीआरपीएफआवास हेतु सिंफ्नी कूलर का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से सीए राजेश जैन, अभय वेद जी, मास्टर हर्षित जैन, सिंफ्नी के जोनल हेड राकेश श्रीवास्तव,हरीश अर्शिया,प्रवीण सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

**ऐसे कार्यों से आत्मिक सुकून मिलता है-- डॉ रमन सिंह**

कार्यक्रम में डॉ रमन सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में उन्होंने ऐसी संस्थाओं में पंखों की गर्म हवा में बच्चों को पढ़ते हुए देखा है, इसलिए गर्मी के इस दौर में सिंफ्नी कूलर की उपलब्धता से इन संस्थानों में बच्चों को गर्मी से राहत मिलेगी इसलिए उन्होंने संस्थाओं को कूलर वितरण का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आत्मिक दिल से लिए हुए निर्णय एवं उनके क्रियान्वयन से उन्हें भी सुकून मिलता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,रमेश पटेल,सचिन बघेल, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी सहित बड़ी संख्या में संस्थाओं एवं आदिवासी छात्रावास के लोग उपस्थित थे।

# संस्कारों की पाठशाला का रंगारंग समापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्रह्माकुमारीज वरदान भवन लाल बाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप संस्कारों की पाठशाला का आज रंगारंग समापन हुआ । समापन अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़ी कला के प्राचार्य एवं लक्ष्य छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष फेरु राम वर्मा जी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे इस संस्कारों की पाठशाला में जो सीखे है वह भविष्य में उनके बहुत काम आयेंगे । वही ब्रह्माकुमारीज के इस आयोजन की सराहना की । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना अधिकारी परस राम झाड़े , तथा महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय के प्राचार्य चैत राम वर्मा जी ने भी अपनी शुभकामनाएं दी ।



कार्यक्रम के आशीर्वादक राजयोगिनी पुष्पा दीदी जी ने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी तथा आभार प्रदर्शन ब्रह्माकुमारी रंभा बहन जी ने किया। इसके पहले अतिथियों के सम्मान मेंनन्हीं बालिका शगुन ने बहुत सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर सभी बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया था । साथ ही कई बच्चों ने बहुत सुंदर नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को मेडल तथा सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक गण भी उपस्थित थे ।

# सिंगारपुर-मेढ़ा - खुर्सीपार सड़क की गिट्टियां उखड़ने से हो रहे हादसे

## बालोद एवं राजनांदगांव जिले के लोग इसी सड़क से आना-जाना करते







**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** सिंगारपुर चौक से मेढ़ा - खुर्सीपार जाने वाली सड़क का हालत काफी खराब हो गई है. सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए . जिससे सड़क पर जगह - जगह गिट्टियां बिखरे पड़े है . रोजाना बालोद एवं राजनांदगांव जिले के लोगों को इसी सड़क से आना जाना होता है . रात के अंधेरे में सड़?क पर गड्ढे का नजर राहगीरों को नहीं दिखता है , जिसमें गिरकर घायल हो रहे है , क्षेत्र के सिंगारपुर मेढ़ा , रुपाकाठी किरगी, रिवांगहन खुर्सीपार कोलियारा पिंकापर सहित दर्जन भर गाँवों को जोड़?ती है. स्कूली बच्चा , कामकाजी श्रमिक, नौकरीपेशा एवं आम लोग इसी सड़?क से स्कूल,अस्पताल तहसील एवं जिले तक पहुंचते है. सड़?क काफी जर्जर हो चुका है. सड़?क पर डामरीकरण कर मरम्मत होने से दुर्घटना से बचा जा सकता है. किरगी - खुर्सीपार के बीच तो पूरी तरह गायब हो चुकी है. उखड़ी गिट्टियों के कारण वाहन चलाना मुश्किल हो गया है. रात में बाईक चालक के ज्यादा गिरने की बात सामने आ रही है . रात के समय गड्ढे नजर नहीं आने से खतरा ज्यादा बढ़ जाता है. बाईक सवार गिरने से चोटिल हो रहे हैं , मरम्मत के नाम पर जीरो सड़क के गड्ढे पर मिट्टी डाल दी जाती है. मिट्टी एवं गिट्टियां बिखरने से वाहन फिसल कर दुर्घटना हो रहे हैं. इसी सड़क मार्ग से पिनकापार बालोद क्षेत्र के लोगों की काफी आवाजाही रहती है. क्षेत्र के लोगों ने बारह किलोमीटर लंबी सडक मार्ग पर डामरीकरण कर मरम्मत करने की मांग की है।

# पॉक्सो मामलों के लिए शरद श्रीवास्तव सपोर्ट पर्सन नियुक्त

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012(पाक्सो) अंतर्गत राजनांदगाँव जिले के लिए शरद श्रीवास्तव का चयन सपोर्ट पर्सन के रूप में किया गया है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ओ पी साहू की अध्यक्षता वाली समिति ने साक्षात्कार के माध्यम से लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत राजनांदगाँव जिले के लिए शरद श्रीवास्तव को उनकी क्षमता और कार्य अनुभव के आधार पर चयन किया है। विगत 25 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय श्री श्रीवास्तव राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में सदस्य रहने के साथ-साथ चाइल्ड लाइन के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। पाक्सो सपोर्ट पर्सन के रूप में शरद श्रीवास्तव यौन शोषण या बाल शोषण के पीड़ितों को समर्थन और सहायता प्रदान करने का कार्य जैसे पीड़ितों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करना,पीड़ितों को कानूनी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना,पीड़ितों को चिकित्सा और परामर्श सेवाओं तक पहुंचने में मदद करना, पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करना और पीड़ितों को न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करने जैसी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सपोर्ट पर्सन के पद पर श्री श्रीवास्तव का चयन होने पर डेवलपमेंट सेक्टर के कार्यकर्ताओं और ईष्ट मित्रों ने बधाई दी है।



# 60 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

## आरोपीयो द्वारा अपने सफेद होण्डाई कार में परिवहन करते डिक्की में छिपाकर रखे अवैध शराब

**डोंगरगढ़/ बोरतलाव ( नांदगांव टाइम्स )।** अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बोरतलाव पुलिस ने 60 लीटर कच्ची महुआ शराब का परिवहन करते दो आरोपियों को रंगे हाथ धर दबोचने में सफलता मिली है. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 15 मई को ग्राम भ्रमण गस्त दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पनियाजोब रेल्वे फाटक के रास्ते से होकर अंडी-ठाकुरटोला की ओर एक सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 के पीछे डिक्की में 07 प्लास्टिक जरीकेन डिब्बा में 60 बल्कलीटर अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन कर रहे है, कि सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 को पकड़ कर चालक एवं उसमें बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम दूजलाल कुंजाम पिता तिलक कुंजाम उम्र 35 साल व टिकेश कुमार ध्रुर्वे पिता रामसिंग ध्रुर्वे उम्र 28 साल साकिन ग्राम बरनाराकला, थाना बोरतलाव, जिला राजनांदगांव का होना बताया और सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 को चेक करने पर पीछे डिक्की में छिपाकर रखे 07 प्लास्टिक जरिकेन में 60 बल्कलीटर कच्ची देशी महुआ शराब लगभग 12 हजार रूपये कीमत सहित आरोपीयो की तलाशी लेने पर दो नग टच स्क्रीन मोबाईल किमती 10 हजार व घटना में प्रयुक्त सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 किमती 03 लाख रु अनुमानित कीमत की गवाहों के सामने जप्त कर किया गया. पुलिस ने आरोपीयो के अपराध क्र0 24/25 धारा 34(2) आब0 एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक गोकुल सोनकर, प्र0आर0 1297, 216 आर0 268, 351, 1251 की सराहनीय योगदान रहा ।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com